परिक्षेत्रीय कार्यालय,
परिक्षेत्र बस्ती

प्रेस नोट
दिनांक – 04-11-2026

- **डीआईजी बस्ती द्वारा पुलिस लाइन बस्ती में डीएम व एसपी बस्ती के साथ आगामी दीपावली व छठ पर्व के दृष्टिगत की गयी गोष्ठी।**
- **संबंधित को दिये आवश्यक दिशा-निर्देश।**

आज दिनांक 04.11.2026 को पुलिस उपमहानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र बस्ती श्री संजीव त्यागी द्वारा पुलिस लाइन बस्ती में डीएम बस्ती श्रीमती कृत्तिका ज्योत्सना व पुलिस अधीक्षक बस्ती श्री ओमवीर सिंह के साथ आगामी दीपावली पर्व के दृष्टिगत कानून-व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु संबंधित अधिकारियों के साथ गोष्ठी की गयी।

इस दौरान त्योहार के दृष्टिगत बाजारों, प्रमुख चौराहों, भीड़भाड़ वाले स्थानों एवं संवेदनशील क्षेत्रों में पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, नियमित गश्त, यातायात व्यवस्था सुचारु बनाए रखने तथा असामाजिक एवं अराजक तत्वों पर सतर्क दृष्टि रखने के निर्देश दिये गये।साथ ही पटाखों की दुकानों एवं आतिशबाजी के दौरान सुरक्षा मानकों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराने, अग्निशमन व्यवस्था एवं आपातकालीन सेवाओं को सक्रिय रखने तथा सोशल मीडिया पर प्रसारित भ्रामक एवं अफवाहपूर्ण सूचनाओं पर सतत निगरानी रखने, हेतु निर्देश दिये।

डीआईजी बस्ती द्वारा सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अयोध्या में होने वाले दीपोत्सव के दृष्टिगत डायवर्जन के संबंध में विस्तार से बताकर सभी को पूर्ण सतर्कता, मुस्तैदी एवं आपसी समन्वय के साथ ड्यूटी का निर्वहन करते हुए छठ व दीपावली पर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सकुशल संपन्न कराने हेतु निर्देशित किया गया।

इस अवसर पर सुश्री मानसी दहिया सहायक पुलिस अधीक्षक , सीडीओ,उप जिलाधिकारी गण, क्षेत्राधिकारीगण,समस्त थाना प्रभारीगण व अन्य विभागो के अधिकारी/ कर्मचारीगण उपस्थित रहे ।

मीडिया सेल
परिक्षेत्र बस्ती